# <u>पूर्वोत्तर रेलवे</u>

***श्री निखिल पाण्डेय ,*** वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक

के मार्गदर्शन

एवं

**श्री दया शंकर,** कार्य कुशलता अधिकारी

के निर्देशन में

सम्पादित

**''लखनऊ मण्डल के इंजीनियरिंग विभाग के अन्तर्गत सी0से0ई0(रेलपथ)/बादशाहनगर के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन।**

द्वारा


जी0डी0 उपाध्याय
कार्यकुशलता निरीक्षक

एस0 के0 श्रीवास्तव
मुख्य योजना निरीक्षक

कार्य कुशलता संगठन
पूर्वोत्तर रेलवे
गोरखपुर


कार्याध्ययन सं0 – एन0ई0/21/2018–19

मिसिल संख्या – प्र/560/1/2018–19/21

*******

# <u>अधिशासकीय सार</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रम संख्या | – | |
| 2. | कार्याध्ययन संख्या | – | एन0ई0/21/2018–19 |
| 3. | मिसिल संख्या | – | प्र/560/1/2018–19/21 |
| 4. | विषय | – | ''लखनऊ मण्डल के इंजीनियरिंग विभाग के अन्तर्गत सीसेइं(रेलपथ) /बादशाहनगरके अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन। |
| 5. | विभाग | – | इंजीनियरिंग |
| 6. | प्राधिकार | – | वर्ष 2018–19 के कार्याध्ययन सूची के अनुसार । |
| 7. | संदर्भित सीमायें:– | (1) | सीसेइं(रेलपथ)बादशाहनगर के अन्तर्गत वर्तमान कार्यभार का आंकलन करना। |
| | | (2) | कार्यभार के अनुरूप आवश्यकतानुसार कर्मचारी संख्या का आंकलन करना। |
| | | (3) | आवश्यकता से अधिक पाए गए पदो ंके अभ्यर्पण हेतु संस्तुति करना। |
| 8. | कर्मचारी की स्वीकृत संख्या जिनका कार्याध्ययन किया गया | – | 257 |
| 9. | संस्तुति सारांश | – | पृष्ठ संख्या–II |
| 10. | अभ्यर्पण हेतु पदों की संख्या | – | 25 |
| 11. | वित्तीय बचत | – | **रू01 करोड 69 लाख** |
| 12. | वितरण तिथि | – | जनवरी/2019 |

*******

<u>अनुक्रमणिका</u>


| क्रम सं0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आभार | I |
| 2. | संस्तुतियाँ | II |
| 3. | वित्तीय परिणाम | III |
| 4. | **अध्याय–प्रथम** | 1–2 |
| | प्रस्तावना, प्राधिकार एवं संदर्भित सीमायें । | |
| 5. | **अध्याय– द्वितीय** | 3–5 |
| | कर्मचारी की स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या। | |
| 6. | **अध्याय– तृतीय** | 6–9 |
| | आलोचनात्मक विश्लेषण, कर्मचारी संख्या का आंकलन एवं तद्नुसार संस्तुतियॉ। | |


*******

# आभार

कार्याध्ययन दल श्रीमती विजय लक्ष्मी कौशिक,मण्डल रेल प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ श्री आर0 के0 श्रीवास्तव, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), लखनऊ, के प्रति गहन आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन के सफल सम्पादन हेतु अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/बादशाहनगरके प्रति भीआभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन से संबंधित वांछित सूचनायें एवं आंकड़े समयानुसार उपलब्ध कराने में विशेष सहयोग प्रदान किया।

*******

**(II)**

## संस्तुतियाँ

| क्रमांक | संस्तुतियॉ | मद सं0 |
|---|---|---|
| 1. | यह संस्तुति की जाती है कि सी0से0ई0/रेल पथ/बादशाहनगर के अधीन ट्रैकमैन के 25 पद जो आवश्यकता/कार्यभार से अधिक पाये गये है, उन्हें अभ्यर्पित किया जाय । | 3.4.1 |

********

# (III)

## वित्तीय परिणाम

कार्याध्ययन में की गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल प्रशासन को होने वाली अनुमानित वार्षिक बचत के आकलन निम्नवत् हैः–

| पदनाम | वे0मान | ग्रेड पे | पदों की संख्या | औसत मूल्य प्रति पद प्रति माह (रू0 में) | औसत मूल्य प्रति माह(रू0 में) | बार्षिक आवर्ती बचत(रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ट्रैक मैन | 5200-20200 | 1800 | 25 | | 1413450 | 16961400 |
| **योग** | | | **25** | | | **16961400** |

**रू0चार करोड़ उनहत्तर लाख इकसठ हजार चार सौ मात्र ।**

******

## अध्याय– प्रथम

## 1.0 प्रस्तावना, प्राधिकार एवं संदर्भित सीमायें :–

**1.1** किसी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और विकास के लिए कारगर परिवहन आधार संरचना का मौजूद होना अति आवश्यक है। भारतवर्ष में रेलवे परिवहन का सबसे सुरक्षित, सस्ता एवं सुलभ साधन है। ट्रेनों के सुरक्षित एवं संरक्षित संचालन हेतु ट्रैक का रख–रखाव सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथ्य है, परन्तु ट्रैकों के रख–रखाव में अत्याधुनिक मशीनों के उपयोग को देखते हुए अनुरक्षण के आधार पर कार्यरत कर्मचारियों की संख्या को औचित्यपूर्ण नहीं ठहराया जा सकता हे। साथ ही साथ कार्य क्षेत्र के अधिकाधिक भाग में ठेकेदारी प्रथा के समावेश से कार्यभार बहुत हद तक अपेक्षाकृत कम हो गया है।

**1.2** अतः उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में अनुमोदित कार्याध्ययन सूची के अनुसार वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे के निर्देश पर कार्यकुशलता संगठन द्वारा ''लखनऊ मण्डल के इन्जीनियरिंग विभाग के अन्तर्गत सी.से.ई. (रेलपथ)/बादशाहनगर के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन प्रारम्भ किया गया तथा कार्याध्ययन सम्पन्न करके अन्तिम स्वरूप दिया गया है।

**1.3** कार्याध्ययन को निम्नलिखित संदर्भित सीमाओं के अन्तर्गत सम्पन्न किया गया है :–

(i) सी.से.ई.(रेलपथ)/बादशाहनगर के अन्तर्गत वर्तमान कार्यभार का आंकलन करना।

(ii) कार्यभारके अनुरूप आवश्यकतानुसार कर्मचारी संख्या काआंकलन ।

(iii) आवश्यकता से अधिक पाये गये पदो ंके अभ्यर्पण हेतु संस्तुति करना।

## 1.4 <u>कार्याध्ययन विधि</u>

1. सी.से.ई.(रेलपथ) / बादशाहनगरद्वारा कार्यभार का विस्तृत विवरण प्राप्त करना।

2. सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ) द्वारा दिये गये सभी आंकड़ों का परीक्षण एवं भौतिक सत्यापन करना।

3. संबंधित पर्यवेक्षकों से गहन विचार–विमर्श करना एवं उनके द्वारा दिये गये सुझाव पर विचार करना।

4. कार्यभार को देखते हुए व्यवहारिक दृष्टिकोण, वेंचमार्किंग को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन करना तथा अन्य सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए विविध कार्यों हेतु भी कर्मचारियों की गणना करना।

******

# अध्याय– द्वितीय

## 2.0 कर्मचारी की स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या :–

2.1 **कर्मचारी संख्या** :–लखनऊ मण्डल के इंजीनियरिंग शाखा केसी.से.ई.(रेलपथ)/बादशाहनगरके अन्तर्गत कर्मचारियों की कोटिवार स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या का विवरण निम्नवत् है। कर्मचारी स्वीकृत संख्या की स्थिति 01.04.2018 की अनुमोदित बी0ओ0एस0–।।। के अनुसार है :–

### 2.1.1 सीनियर सेक्शन इंजीनियर(रेलपथ)/बादशाहनगर–कोटिवार सारांश :–

| क्र.सं. | कोटि | स्वीकृत संख्या | वास्तविक संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पी0डब्ल्यू0एस0/मेट | 05 | 04 |
| 2 | की'–मैन | 17 | 03 |
| 3 | ट्रैकमैन | 156 | 89 |
| 4 | ट्रालीमैन | 16 | 05 |
| 5 | गेटमैन | 45 | 45 |
| 6 | लोहार | 03 | 04 |
| 7 | वेल्डर | 01 | 01 |
| 8 | कारपेन्टर | 01 | 01 |
| 09 | चौकीदार | 05 | 02 |
| 10 | खलासी | 06 | 00 |
| 11 | फिटर | 01 | 01 |
| 12 | सफाईवाला | 01 | 01 |
| | **योग** | **257** | **156** |

2.1.2 <u>सीनियर सेक्षन इंजीनियर(रेलपथ)/बादशाहनगरके अन्तर्गत मानव संचालित गेटों का विवरण</u> :—

| क्र.सं. | गेटों की सं. | श्रेणी | पाली की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 301 | सी | 12 घंटा |
| 2 | 302 | सी | 12 घंटा |
| 3 | 033 | स्पेशल | 08 घंटा |
| 4 | 304 | सी | 12 घंटा |
| 5 | 305 | सी | 12 घंटा |
| 6 | 306 | ए | 12 घंटा |
| 7 | 307 | सी | 12 घंटा |
| 8 | 308 | सी | 12 घंटा |
| 9 | 311 | स्पेशल | 08 घंटा |
| 10 | 313 | सी | 12 घंटा |
| 11 | 314 | सी | 12 घंटा |
| 12 | 317 | सी | 12 घंटा |
| 13 | 318 | सी | 12 घंटा |
| 14 | 3 एम.एल. | स्पेशल | 08 घंटा |
| 15 | 6 एम.एल. | स्पेशल | 08 घंटा |
| 16 | 7 एम.एल. | स्पेशल | 08 घंटा |

## 2.2 सी0से0ई0(रेलपथ)/बादशाहनगर का कार्यक्षेत्र :–

सी0से0ई0(रेलपथ)/बादशाहनगर प्रभारी :–

**(i)** किमी712/580 (चौकाघाट सहित) से 745/0 (बाराबंकी रहित) तक।

**(ii)** किमी769/2 (मल्हौर रहित) से 774/4 (डालीगंज सहित) तक।

**(iii)** किमी0/0 (बुढ़वल सहित) से 1/9 (सुड़ियामऊ रहित) तक।

**सी0से0इं0/रेलपथ/बादशाहनगर** :–

किमी0 35/0 (बिंदौरा रहित) से 745/0 (जहाँगीराबाद रहित)
किमी0 763/2 (मल्हौर रहित) से 744/4(डालीगंज रहित)

**सी0से0इं0/रेलपथ/बुढ़वल (मुख्यालय)** :–

किमी0 712/580 (चौकाघाट सहित) से 735/0 किमी तक 0/0 (वुढ़वल सहित) से किमी 1/9 (सुड़ियामऊ रहित) तक।
इसके अतिरिक्त एक सीसेइं0/स्पेशल है। जो स्पेशल कार्यों के लिए बादशाहनगर में पदास्थापित है।

## 2.3 पी0वे0 मेट के कार्य :–

1. गैंग के कार्यो का पर्यवेक्षण करना।
2. गैंग को संरक्षा नियमों से अवगत कराना।
3. टूल्स/औजारों का रख–रखाव करना।
4. ट्रैक का साप्ताहिक निरीक्षण करना।
5. गैंग के द्वारा सम्पादित कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित कराना।

## 2.4 कीमैन के कार्य :–

1. ट्रैक का प्रतिदिन दो बार पेट्रोलिंग करना।
2. पेण्ड्राल एवं टंग रेल का ग्रीसिंग करना।
3. क्रासिंग नोज का ग्रीसिंग करना।
4. लूज फिटिंग को टाइट करना।
5. जंगल सफाई करना।

## 2.5 ट्रैकमैन के कार्य :–

1. ट्रैक की खोलाई (OH) कार्य।
2. ट्रैक की पैकिंग।
3. ट्रैक की हंच क्लीनिंग।
4. ट्रैक में लगे फिश प्लेट/फिश बोल्ट की आयलिंग, ग्रीसिंग कार्य।
5. समपारों का रख रखाव।

******

## अध्याय – तृतीय

## 3.0 आलोचनात्मक विश्लेषण, कर्मचारी संख्या का आंकलन एवं तद्नुसार संस्तुतियॉ :–

3.1 विषयक कार्याध्ययन रेल की संरक्षा से संबंधित है। इस कार्याध्ययन में कार्य करने की विपरित एवं दुरूह परिस्थितियों को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्य अवसरों पर पेट्रौलिंग इत्यादि में लगने वाले मैन आवर्स, विभिन्न क्षेत्रीय रेलों पर ट्रैक मेन्टिनेन्स पर उपभोग होने वाले मैन पावर की बेंचमार्किंग, पर्यवेक्षकों एवं काम करने वाले कर्मचारियों से विचार–विमर्श इत्यादि को कर्मचारी संख्या के आंकल में प्रमुख आधार रखा गया है।

### 3.2 सीसेइं/पीवे/बादशाहनगर हेतु आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलनः–

### 3.2.1 पी.डब्ल्यू.एस./मेट/की मैन के पदों का आंकलनः–

सी0से0ई0/रेलपथ/बादशाहनगर के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्रों को 05 गैंगबीट में बॉटा गया है। गैंग बीट की लेन्थ को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक गैंगबीट में 01 मेट एवं 01 की मैन की आवश्यकता की दर से कुल 10 मेट/की मैन प्रस्तावित किये जाते है।

### 3.2.2 ट्रैकमैन के पदों का आंकलन :–

बीजी. डबललाइन, ट्रैफिक डेन्सिटी एवं संरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए ट्रैक मेन्टिनेंश में किये जाने वाले क्रिया कलापों एवं लगने वाले मेन्टिनेंश आवर्स को दृष्टिगत रखते हुए 15 ट्रैकमैन प्रति गैंग बीट की दर से प्रस्तावित किए जाते है। इस प्रकार 05 गैंग बीट हेतु कुल 05X15 = 75 ट्रैकमैन प्रस्तावित किये जाते हैं।

### 3.2.3ट्रालीमैन के पदों का आंकलनः–

सी0से0ई0/रेलपथ/बादशाहनगरके सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र में 03सीसेइं को ट्राली सुविधा प्रदान की गयी है। जो क्रमशः सीसेइं/बादशाहनगर प्रभारी, सीसेइं/पीवे0/बादशहनगर/सेक्शन एवं सीसेइं/रेलपथ/बुढ़वल को प्रदान की गयी है। प्रति ट्राली 04 ट्रालीमैन के अनुसार 03 ट्रालियों हेतु 03X04 =12 ट्रालीमैनप्रस्तावित किये जाते है।

3.2.4 **गेट मैन के पदों का आंकलनः–**

सी0से0ई0 रेलपथ/बादशाहनगरके सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र में कार्यशील गेटों का विवरण अध्याय–2 में दर्शाया गया है। जिसके अनुसार स्पेशल क्लास एवं ए क्लास गेटों पर आठ घंटे की पाली एवं सी क्लास गेटों पर 12–12 घंटे की पाली के अनुसार गेटमैनों की कुल आवश्यकता का आंकलन किया गया है। विदित है कि सीसेइं/पीवे/बादशाहनगर के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र में 06 स्पेशल/ए क्लास के गेट है तथा 10 गेट सी क्लास के हैं।

स्पेशल/ए क्लास के कुल 06 गेट हेतु गेटमैनों की आवश्यकता

=06 x 03 = 18

सी क्लास के 10 गेटों हेतु कुल गेटमैनों की आवश्यकता=10× 2 = 20

योग = 38

विश्रामदाता = 07

कुल योग = 45

3.2.5 **आर्टीजन एवं हेल्पर खलासी कैटेगरी के पदों का आंकलनः–**

सीसेइं/रेलपथ/बादशाहनगर के अधीन विभिन्न आर्टीजन संवर्ग के कार्यों हेतु उनके कार्यभार एवं आवश्यकता को देखते हुए निम्नलिखित कर्मचारी संख्या प्रस्तावित की जाती है :–

| **क्र0सं0** | **पद नाम** | **पदों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | पेन्टर | 01 |
| 2 | वेल्डर | 04 |
| 3 | लोहार | 04 |
| 4 | कारपेंटर | 02 |
| 5 | फिटर | 02 |
| 6 | हेल्पर खलासी | 13 |
| **योग** | | **26** |

3.2.6 **चौकीदार के पदों का आंकलनः–**

सी0से0ई0/रेलपथ/बादशाहनगर के कार्यालय, स्टोर ,वर्कशाप एवं सीसेइं/बुढ़वल के स्टोर हेतु 12–12 घंटे की पाली हेतु कुल चौकीदार के 04पद प्रस्तावित किये जाते है एवं विश्रामदाता सहित कुल 06 पद प्रस्तावित किये जाते हैं।

3.2.7 विविध कार्यो हेतु पदो का आंकलन :—

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | विविध प्रकार की पेट्रोलिंग कार्य जैसे फॉग सिगनल, मानसून पेट्रोलिंग एवं संरक्षा पेट्रोलिंग संबंधी कार्यों हेतु। | |
| 2 | पीवे यूनिट मुख्यालय से बाहर मंडलों में विविध कार्यों के संबंध में एवं मैटेरियल के आदान प्रदान, इश्यू नोट एवं चेंजिग कार्यों के संबंध में। स्पेशल वर्क, तथा सामग्री की लोडिंग एवं अनलोडिंग कार्यों के संबंध में। | 25 |
| 3 | कार्यालय के कार्य में सहयोग, विवरणी तैयार करना एवं टीएमएस फीडिंग तथा अन्य विविध एवं अलेखांकित कार्यों के संबंध में। | 02 |
| 4 | मंडल/मुख्यालय होने के कारण मुख्यालय के अधिकारियों के साथ निरीक्षण इत्याउिद एवं अन्य विविध कार्यों हेतु। | 03 |
| 5 | सफाई कार्य हेतु। | 02 |
| **योग** | | **32** |

**3.2.8 सीसेइं/रेलपथ/बादशाहनगरहेतु आंकलित/प्रस्तावित पदों की समरीः—**

| क्र0सं0 | पद नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | पी.डब्ल्यू.एस./मेट/की मैन | 10 |
| 2 | ट्रैकमैन | 75 |
| 3 | ट्रालीमैन | 12 |
| 4 | गेटमैन | 45 |
| 5 | आर्टीजन एवं खलासी | 26 |
| 6 | चौकीदार | 06 |
| 7 | विविध कार्यों हेतु ट्रैकमैन | 32 |
| | **योग** | **206** |
| | **अवकाशदाता @ 12.5%** | 26 |
| | **कुल योग** | **232** |

**3.3** <u>स्वीकृत, वास्तविक एवं प्रस्तावित पदों की समरी</u> :–

| पीवे यूनिट | स्वीकृत संख्या | प्रस्तावित संख्या | सरप्लस |
|---|---|---|---|
| बादशाहनगर | 257 | 232 | 25 |
| **योग** | 257 | 232 | 25 |

**3.4** <u>संस्तुतिः</u>–

3.4.1 यह संस्तुति की जाती है कि सी0से0ई0/रेल पथ/बादशाहनगरके अधीन ट्रैकमैन के **25** पद जो आवश्यकता/ कार्यभार से अधिक पाये गये है, उन्हें अभ्यर्पित किया जाय ।

******